हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 22 जून 2026
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

11 बिजली कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर आंदोलन...

12 14,860 मीट्रिक टन उर्वरकों का वितरण सहकारी समितियों में ...


## खबर संक्षेप



### जर्जर भवन का डिस्मेंटल शुरू, खतरा टला

**भखारा।** नगर पंचायत भखारा के वार्ड क्रमांक 8 में स्थित आंगनबाड़ी से लगे जर्जर भवन से बड़े हादसे की संभावना बनी हुई थी। वस्तुस्थिति की गंभीरता को देखते हुए वार्ड पार्षद मेघनाथ साहू ने जर्जर भवन को डिस्मेंटल करवाने का कार्य शुरू करवा दिया है जिससे वार्डवासियों में हर्ष व्याप्त है।

### अभिषेक का भारतीय वायु सेवा में चयन

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम हंचलपुर निवासी उमाशंकर-चंद्रिका साहू के पुत्र अभिषेक साहू का



भारतीय वायु सेवा में चयन होने से ग्राम में हर्ष का माहौल है। पुनीतराम साहू, मानकलाल साहू, तरुण साहू ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। मौके पर सरपंच व पंचगण समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

### पूनम का प्रयास विद्यालय में चयन

**नगरी।** पीएमश्री शासकीय श्रृंगीऋषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी के मिडिल



विभाग में अध्ययनरत पूनम ध्रुव का प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन हुआ है। चुरियारा पारा वार्ड क्रमांक 12 निवासी त्रिलोक ध्रुव की पुत्री पूनम के चयन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हर्ष है। पार्षद श्रीमती अम्बिका ध्रुव ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे नगर पंचायत नगरी एवं आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज के लिए गौरव का विषय है। इस उपलब्धि पर नरेश छेदैहा, कैलाश मरई, रामकुमार ध्रुव, हेमलाल मरकाम, संतोष गंगेश, बलराम कुंजाम, गीतेश्वर ध्रुव, शैल्य नेताम, माधुरी ध्रुव, मीना नेताम, संतोषी मरकाम ने हर्ष जताया है।

# गंगरेल बांध को बारिश का इंतजार, अभी 42 प्रतिशत जलभराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आधा से ज्यादा खाली हो चुके गंगरेल बांध को अब बारिश का इंतजार है। जिले में 4 से 5 सौ मिमी बारिश होने पर महानदी परियोजना के सभी बांध लबालब हो सकते हैं। इधर गंगरेल आने वाले पर्यटकों को मानसून का इंतजार है। बरसात के साथ गंगरेल पर्यटन का सीजन शुरु हो जाएगा। ग्रीष्म ऋतु बीतने के बाद महानदी परियोजना के बांधों की स्थिति ठीक ठाक है। रविवार को गंगरेल बांध में 42 प्रतिशत, माड़मसिल्ली में 80 प्रतिशत, दुधावा में 74 प्रतिशत तथा सोंढूर बांध में 64 प्रतिशत जलभराव दर्ज किया गया है।

सिंचाई विभाग के अनुसार बारिश अच्छी हुई तो जुलाई माह से ही सभी बांध लबालब हो सकते हैं। दुधावा तथा माड़मसिल्ली बांध भरने पर वहां का पानी गंगरेल बांध पहुंचता है। इससे गंगरेल बांध के जल्दी भरने की संभावना है।





### गर्मी में पर्यटकों की संख्या हुई सीमित

#### वाटर स्पोर्ट्स की एक्टीविटीज बढ़ाने की मांग



गंगरेल बांध के मिनीगोवा में संचालित वाटर स्पोर्ट्स में अन्य एक्टीविटीज बढ़ाने की मांग पर्यटकों द्वारा की जा रही है। रायपुर से पहुंचे सुदीप बंगाली ने कहा कि यहां मोटरबोट और जेस्की की ही सुविधा है। बनाना राईट्स, फ्लाईबोर्डिंग, पैराग्लाईडिंग जैसी एक्टीविटीज को शामिल करना चाहिए। इससे वाटर स्पोर्ट्स करने वाले आकर्षित होंगे।

#### धार्मिक पर्यटकों की संख्या अधिक

रविवार को गंगरेल बांध स्थित आदिशक्ति मां अंगारमोती के दरबार में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। मंदिर मार्ग में वाहनों की पार्किंग से आवागमन बाधित रही। माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। वहीं विशेष मन्नत देने वाले विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे दर्जनों परिवार भोजन प्रसादी बनाते एवं ग्रहण करते नजर आए।

## योग को बनाएं जीवनशैली का हिस्सा, स्वस्थ एवं समृद्ध राष्ट्र निर्माण में निभाएं भूमिका : अजय

# हजारों लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

### हरदिहा साहू समाज भवन में मनाया गया 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हरदिहा साहू समाज भवन रत्नाबांधा रोड में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले भर से बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा नागरिकों ने भाग लेकर सामूहिक योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि योग भारत की प्राचीन ऋषि परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का अमूल्य उपहार है, जिसने आज पूरी दुनिया को स्वास्थ्य और संतुलित जीवन का मार्ग दिखाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सतत प्रयास के फलस्वरूप योग को वैश्विक पहचान मिली है और आज विश्व के करोड़ों लोग इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना रहे हैं। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के समन्वय का विज्ञान है। विधायक ने नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नागरिकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि योग स्वस्थ, सक्रिय और सकारात्मक जीवन का आधार है। नियमित योगाभ्यास व्यक्ति की कार्यक्षमता बढ़ाने के साथ-साथ तनावमुक्त जीवन जीने में भी सहायक है। पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि योग भारतीय सनातन संस्कृति की अनुपम देन है, जो मानव जीवन को संतुलन, अनुशासन और आत्मिक शांति प्रदान करती है।

योग प्रशिक्षक सुश्री रेवती नेताम के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, वज्रासन, पवनमुक्तासन, अर्धचक्रासन एवं शवासन सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। साथ ही अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी तथा ध्यान की क्रियाओं के माध्यम से मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व को समझा। लोगों ने नियमित योग करने, अपने परिवार एवं समाज को योग के प्रति जागरूक करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने भी संबोधित किया। उन्होंने योग की महत्वता बताई। मौके पर निगम सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन, सीईओ जिला पंचायत गजेंद्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा देवहारी, एसडीएम पीयूष तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

# बरसात को देखते हुए बताए सर्पदंश से बचाव के उपाय




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

यूएसटीआर ने जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर सर्पदंश से बचाव एवं उपचार की जानकारी दी है। शनिवार को कुल्हाड़ीघाट के वन परिक्षेत्र अधिकारी दिनेश चौधरी के नेतृत्व में वन अमले ने ग्राम आमामोरा, ओढ़ एवं आमलोर में सर्पदंश से बचाव एवं उपचार विषय में व्यापक जनजागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

वन अमले ने बताया कि सर्पदंश से बचाव के लिए घर तथा आसपास साफ-सफाई रखें। सोने के लिए खाट का उपयोग करें। रात में टार्च का उपयोग, खेतों एवं झाड़ियों में सावधानी बरतना तथा ऊंचे जूते पहनने जैसे सावधानी जरूरी है।

वन परिक्षेत्राधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि मानसून एवं गर्मी के मौसम में सर्पों की गतिविधियां बढ़ जाती हैं, इसलिए ग्रामीण क्षेत्र में सतर्कता आवश्यक है। सही जानकारी और समय पर उपचार से सर्पदंश से होने वाली जनहानि को काफी हद तक रोका जा सकता है।

#### प्राथमिक उपचार की दी जानकारी

सर्पदंश की स्थिति में घबराने के बजाए मरीज को शांत रखना, प्रभावित अंग को स्थिर रखना, झाड़ फूंक, चीरा लगाने, विष चूसने जैसी गलत धारणा से बचना, तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने एवं डाक्टरी सलाह के अनुसार एंटीवेनम लगाना चाहिए। कार्यक्रम में पोस्टर एवं चित्रों के माध्यम से विषैले एवं अविषैले सर्प के बीच अंतर समझाया गया। 108 एम्बुलेंस सेवा एवं स्वास्थ्य विभाग को त्वरित संपर्क करने की प्रक्रिया बताई गई।

# भारतीय पिट्टा का आश्रय स्थल बना रिजर्व फारेस्ट

- मालाबार पाइड हॉर्नबिल की दुर्लभ फोटो कैमरे में हुई कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व भारतीय पिट्टा के संभावित प्रजनन आवास के रूप में उभर रहा है। इससे पक्षी विज्ञान अनुसंधान और दीर्घकालिक निगरानी के नए द्वार खुले हैं। इसके अतिरिक्त यह रिजर्व फारेस्ट मालाबार पाइड हॉर्नबिल, ब्राउन फिश आउल, ग्रे-हेडेड फिश ईगल, विभिन्न कठफोड़वा, बार्बेट, मिनिवेट तथा अनेक प्रवासी एवं स्थानीय पक्षी प्रजातियों का आश्रयस्थल बन चुका है।

पिछले चार वर्षों में किए गए गहन संरक्षण और आवास पुनर्स्थापन कार्यों के परिणामस्वरूप उदंती सीतानदी अभ्यारण्य कई वन्यजीवों के पुनरुत्थान को बढ़ावा दे रहा है। यूएसटीआर द्वारा वन संरक्षण, शिकारी विरोधी अभियान, आवास पुनर्स्थापन तथा बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने का कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप पूर्व में क्षतिग्रस्त, अतिक्रमित और शिकार ▶▶ शेष पेज 13 पर

#### चमगादड़ का किया शिकार

यूएसटीआर में पक्षी जगत से जुड़ी दो अत्यंत महत्वपूर्ण और रोमांचक घटनाएं दर्ज की गई हैं, जो इस संरक्षित क्षेत्र के बढ़ते पारिस्थितिक महत्व और वनों के पुनर्जीवन का सबूत है। हॉर्नबिल मॉनिटरिंग में संलग्न एक दल का नेतृत्व बीट गार्ड वीरेंद्र ध्रुव एवं हॉर्नबिल ट्रैकर देवेंद्र यादव कर रहे थे। उन्होंने मालाबार पाइड हॉर्नबिल को एक फलाहारी चमगादड़ (फ्रूट बैट) का शिकार करते देखा और फोटो भी खींची। इस प्रकार का व्यवहार अत्यंत दुर्लभ नजर आता है।

#### भारतीय पिट्टा की फोटो महत्वपूर्ण उपलब्धि

रिजर्व फारेस्ट में एक अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धि भारतीय पिट्टा का फोटोग्राफ है। परंपरागत रूप से भारतीय पिट्टा का प्रजनन क्षेत्र हिमालय की तराई एवं उससे लगे क्षेत्रों तक सीमित माना जाता है। यूएसटीआर में इस किशोर पक्षी की उपस्थिति इस बात का प्रबल संकेत देती है कि इस प्रजाति ने संभवतः स्थानीय स्तर पर अथवा आसपास के परिदृश्य में प्रजनन किया है। यह अवलोकन भारतीय पिट्टा के प्रजनन वितरण में संभावित विस्तार अथवा परिवर्तन की ओर संकेत करता है।

# भाजपा ने 'मन की बात' कार्यक्रम के लिए समिति गठित की

**धमतरी।** भाजपा छग प्रदेश कार्यालय ने मन की बात कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रदेश स्तरीय समिति का गठन किया है। इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की ओर से आदेश जारी किया गया। जारी आदेश के अनुसार प्रीतेश गांधी को समिति का प्रभारी बनाया गया है। वहीं राजू महंत, भूपेन्द्र नाग, अंकित जायसवाल, प्रखर मिश्रा, नितेष मिश्रा तथा सुश्री मनीभास्कर गुप्ता को समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है।



प्रीतेश गांधी

यह समिति मन की बात कार्यक्रम के आयोजन, समन्वय और सफल संचालन से जुड़े विभिन्न कार्यों की जिम्मेदारी संभालेगी। प्रदेश संगठन ने उम्मीद जताई है कि समिति के सदस्य कार्यक्रम को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने और जनभागीदारी बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यह नियुक्ति आदेश प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी नवीन मारकण्डेय द्वारा जारी किया गया है। आदेश की प्रतिलिपि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय को भी प्रेषित की गई है।

# गहनासियार में 10 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

कलेक्टर और जिला आबकारी अधिकारी के स्पष्ट निर्देशों के तहत जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और विक्रय पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए सख्त कार्रवाई की जा रही है। जिला आबकारी विभाग द्वारा जिलेभर में लगातार गश्त और निगरानी की जा रही है। संवेदनशील क्षेत्रों और गांवों पर विशेष नजर रखी जा रही है, ताकि अवैध कारोबारियों पर समय रहते शिकंजा कसा जा सके। हाल ही में 16 जून को कोपेडीह में 8 लीटर महुआ शराब के साथ एक आरोपी पर धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई थी। इसके बाद अब गहनासियार निवासी हीरालाल के विरुद्ध 10 लीटर महुआ शराब मिलने पर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(ख),34 (2) एवं 59 (क) के तहत कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई आबकारी उपनिरीक्षक निशांत साधु के नेतृत्व में की गई। टीम में विवेक दीवान, अजय कश्यप, गिरजा शंकर बघेल, मुख्य आरक्षक मुरली सोनी, आरक्षक प्रशांत यादव, सोमी पालेश्वर, नीरज, राजकिशोर और कौशल मौजूद रहे।

## परीक्षा केंद्रों में प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की तीन चरणों में हुई जांच

# नीट यूजी री-एग्जाम कड़ी सुरक्षा के बीच चार केंद्रों में हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नीट यूजी री-परीक्षा रविवार को जिले के चार परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण हुई। परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन और पुलिस ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की थी। परीक्षा अवधि के दौरान सभी केंद्रों पर अधिकारियों की लगातार निगरानी रही तथा अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही प्रवेश दिया गया।

जिले में बीसीएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय, एनआरएम कन्या महाविद्यालय, शिवसिंह वर्मा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा भोपालराव पवार पॉलीटेक्निक कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इन केंद्रों के लिए कुल 1176 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए थे। अभ्यर्थियों को निर्धारित समय के भीतर ही परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया, जिसके बाद दोपहर 2 बजे परीक्षा प्रारंभ हुई और शाम तक चली। इस बार परीक्षा अवधि में 15 मिनट का अतिरिक्त समय भी दिया गया।

परीक्षा केंद्रों में प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की तीन चरणों में जांच की गई। सबसे पहले प्रवेश पत्र और पहचान संबंधी दस्तावेजों का मिलान किया गया। इसके बाद मेटल डिटेक्टर के माध्यम से सुरक्षा जांच की गई ताकि कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या प्रतिबंधित सामग्री परीक्षा केंद्र के भीतर न ले जा सके। अंतिम चरण में बायोमेट्रिक सत्यापन कर उपस्थिति दर्ज की गई तथा परीक्षा एजेंसी के कर्मचारियों ने निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद सुरक्षा स्टीकर लगाया।

भीषण गर्मी को देखते हुए कुछ केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए छायादार पंडाल लगाए गए। उन्हें पारदर्शी बोतल में पानी ले जाने की अनुमति भी दी गई। दूसरी ओर परीक्षा समाप्त होने तक अभिभावकों को कई घंटे केंद्रों के बाहर इंतजार करना पड़ा। अधिकांश पालक पेड़ों की छांव या आसपास उपलब्ध स्थानों पर बैठकर बच्चों के बाहर आने का इंतजार करते रहे। दूर-दराज से पहुंचे कई परिवार अपने साथ पानी और हल्का नाश्ता भी लेकर आए थे।



#### सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी

अभ्यर्थियों को निर्धारित ड्रेस कोड का पालन करना अनिवार्य था। हल्के रंग के हाफ स्लीव टी-शर्ट, लोवर और लो-हील सैंडल पहनकर ही प्रवेश की अनुमति दी गई। मोबाइल फोन, घड़ी, बेल्ट, जूते, आभूषण तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह प्रतिबंधित रहे। सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी लगातार निगरानी की गई।

#### जिला प्रशासन और पुलिस रही सतर्क

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह सतर्क रही। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार पांडे, अपर कलेक्टर पवन कुमार प्रेमी, सिटी कोऑर्डिनेटर मनोज कुमार विद्यार्थी, नगर पुलिस अधीक्षक अभिषेक चतुर्वेदी सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने परीक्षा शुरू होने से पहले सभी केंद्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा और आसपास के क्षेत्रों में लगातार पेट्रोलिंग की गई। सादे वस्त्रों में भी पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।



## खबर संक्षेप



### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कोण्डे में योगाभ्यास

**कांकेर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शाउमावि कोण्डे में प्राचार्य बाबूलाल कोमरे की उपस्थिति में शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया। व्यायाम शिक्षक राधेलाल समरथ सहित अन्य शिक्षकों ने योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी। प्राचार्य ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए नियमित योगाभ्यास अपनाने का आह्वान किया। अंत में सभी ने स्वस्थ एवं निरोगी जीवन के लिए नियमित योग करने का संकल्प लिया।

### दमकसा में मनाया शाला प्रवेशोत्सव



**दुर्गुकोंदल।** प्राथमिक शाला दमकसा में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नवप्रवेशी बच्चों का तिलक, आरती एवं पुष्प भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया तथा मुंह मीठा कराकर शिक्षा के नए सफर की शुरुआत कराई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को निःशुल्क गणवेश, पाठ्यपुस्तकें और कॉपियां वितरित की गईं। प्रधान पाठक खुशबू योगी एवं सहायक शिक्षक प्रहलाद ध्रुव ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में पालकगण, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### पीएम किसान सम्मान निधि के लिए लगा शिविर

**सरोना।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद पंचायत नरहरपुर परिसर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु अनुभाग स्तरीय नवीन पंजीयन एवं त्रुटि सुधार शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पीएम किसान, आयुष्मान भारत, पीएम आवास, पीएम सूर्य घर सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी एवं पंजीयन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर दिया। शिविर में प्राप्त 36 आवेदनों में से 25 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

## निधन

### इंद्रावती चंद्राकर

**सिर्री।** ग्राम दहदहा (कुरूद) निवासी इंद्रावती चंद्राकर उम्र 80 वर्ष का निधन 21 जून रविवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे डीलन चंद्राकर सरपंच दहदहा एवं संजय चंद्राकर की माताजी थीं। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने बड़ी संख्या में परिजन, समाजजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।



# प्राकृतिक खेती है भविष्य की आवश्यकता : रूपकुमारी चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के अभियान के तहत कुरूद के नए मंडी प्रांगण में वृहद पंजीयन शिविर, प्राकृतिक खेती कार्यशाला एवं किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, युवा, महिलाएं एवं नागरिक शामिल हुए।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महासमुंद सांसद रूप कुमारी चौधरी रहीं। विशिष्ट अतिथि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा थे। इस दौरान जनपद पंचायत कुरूद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, मगरलोड जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, नगरपालिका परिषद कुरूद अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर और नगर पंचायत भखारा अध्यक्ष ज्योति हरख जैन सहित जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त के लाइव प्रसारण को किसानों ने देखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों के खाते में राशि अंतरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया।

सांसद रूपकुमारी चौधरी ने प्राकृतिक खेती को भविष्य की आवश्यकता बताते हुए किसानों से योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। शिविर में कृषि, पशुपालन, स्वास्थ्य सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर हितग्राहियों का पंजीयन किया गया।

इस अवसर पर तहसीलदार सूरज बंछोर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जितेंद्र सोनकर, मंडी सचिव राजकुमार रात्रे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### कुरूद के किसान सम्मेलन में दी गई योजनाओं की जानकारी



#### खेती में नवाचार करने वाले किसानों का हुआ सम्मान

प्राकृतिक खेती कार्यशाला में किसानों को जैविक खेती, गौ-आधारित कृषि, कम लागत वाली खेती और मृदा स्वास्थ्य संरक्षण की जानकारी दी गई। खेती में नवाचार करने वाले हर्षवर्धन चंद्राकर, पुष्पक साहू और रमन साहू को सम्मानित किया गया।

### योग दिवस पर दिखा उत्साह, छात्राओं की प्रस्तुति ने मोहा मन

# योग को अपनी जीवन शैली का हिस्सा बनाएं : ज्योति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर प्रशासन कुरूद द्वारा स्वामी विवेकानंद मंगल भवन में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर के नागरिकों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं योग साधकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया।

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने कहा कि योग हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति की अमूल्य विरासत है, जिसे आज पूरी दुनिया अपना रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से योग को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिली है, जो सभी भारतीयों के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम के दौरान दर्रा और खर्रा क्षेत्र की योगाभ्यास से जुड़ी छात्राएं हिमांशी साहू और रागिनी साहू की शानदार प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। नपाध्यक्ष ने दोनों बहनों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि उनकी प्रस्तुति ने आयोजन को विशेष बना दिया। उन्होंने बताया कि आगामी 15 अगस्त को नगर के मुख्य मंच से दोनों बहनों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाकर स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ा जा सकता है। कार्यक्रम में करें योग, रहें निरोग का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष धनेश्वरी निर्मलकर, सीएमओ महेंद्र राज गुप्ता के अलावा पार्षदों एवं नगरवासियों ने योगासन किया।

# योग दिवस पर प्राणायाम सूर्य नमस्कार का अभ्यास



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय हाईस्कूल उमरगांव में शिक्षक पीआर साहू ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं नागरिकों को योग एवं प्राणायाम के महत्व से अवगत कराया तथा विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम, सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। उन्होंने इन आसनों के शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी भी दी। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती ने अपने संबोधन में कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो हमें शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा देती है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित योगाभ्यास करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर चन्द्रभान यादव शाला विकास समिति, फलेंद साहू उपसरपंच, रोमेश साहू एवं प्रथमिक शाला, माध्यमिक शाला एवं हाईस्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# अनुशासित जीवन के लिए योग को अपनाएं

- यशवंतराव मेघावाले महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

योग अभ्यास का संचालन भौतिकी विभाग की सहायक प्राध्यापक सुश्री निरूपा साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी प्राणायाम, वज्रासन, तितली आसन, सूर्य नमस्कार, ध्यान तथा अन्य योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया।

निरूपा साहू ने योग एवं प्राणायाम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक तनाव से भी मुक्ति प्राप्त कर मानसिक संतुलन एवं एकाग्रता को बढ़ा सकता है। उन्होंने प्रतिदिन योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आग्रह किया।

प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है तथा स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन के लिए योग को नियमित रूप से अपनाना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों को योग के प्रति जागरूक रहने तथा समाज में भी इसके प्रति जनजागरण करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. घनश्याम देवांगन, कौशलेश कुमार ध्रुव, डॉ. यशोदा साहू, श्रीमती दिव्या देवांगन, डॉ. रमा देवी, कार्यालयीन कर्मचारी पीयूष वाही, धीरेंद्र नागवंशी, श्रीमती भामिनी कश्यप, श्रीमती हुलासिनी कश्यप, खोमेश साहू, श्रीमती मोंगरा साहू, विजय सिन्हा, हरि साहू, हिरामन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक युवराज सोनी सहित अन्य उपस्थित थे।

### जलभराव की समस्या में आएगी कमी, वातावरण स्वच्छ एवं सुरक्षित रहेगा

# वर्षों बाद बड़े नाले की सफाई शुरू जल निकासी व्यवस्था होगी दुरुस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी



नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत भठेली स्वागत द्वार के पास स्थित बड़े नाले की वर्षों बाद व्यापक सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया। सफाई अभियान के तहत नाले में उगी झाड़ियां, बेशरम के पौधे तथा जमा मलबा निकालकर व्यवस्थित रूप से डंप किया जा रहा है। इससे क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था सुचारु होने की उम्मीद बढ़ गई है और स्थानीय नागरिकों में प्रसन्नता का माहौल है।

नगर पंचायत द्वारा चलाए जा रहे इस विशेष सफाई अभियान का उद्देश्य बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या को रोकना तथा स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करना है। लंबे समय से नाले की सफाई की मांग की जा रही थी, जिस पर अब अमल होने से लोगों ने संतोष व्यक्त किया है।

सफाई कार्य के दौरान विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विष्णु पावरिया, नगर पंचायत उपाध्यक्ष विष्णु साहू, बिंझवार साहू, भगत साहू, रुमूल साहू, कृपाल साहू, छबिलाल निर्मलकर पार्षद, मेघनाथ साहू पार्षद, बस्ती पंचायत नेकराम बंधु सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सभी ने सफाई कार्य का निरीक्षण कर इसे नगर हित में महत्वपूर्ण पहल बताया।

स्थानीय नागरिकों ने वर्षों बाद बड़े नाले की सफाई कराए जाने पर नगर पंचायत प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उनका कहना है कि इससे बरसात के दौरान जलभराव की समस्या में कमी आएगी और आसपास का वातावरण स्वच्छ एवं सुरक्षित बना रहेगा।

# बच्चों का तिलक लगाकर किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

शासकीय माध्यमिक शाला में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, मुंह मीठा कराकर स्वागत किया। इस दौरान बच्चों को पाठ्य सामग्री का वितरण किया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर जनसमुदाय का मन मोह लिया। इस अवसर पर प्रधानपाठिका श्रीमती उषा साहू ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव का उद्देश्य बच्चों को विद्यालय से जोड़ना तथा शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेहत्तर साहू ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने शिक्षा को समाज और राष्ट्र निर्माण का आधार बताया। कार्यक्रम में सभापति अंजू साहू, पार्षद मेघनाथ साहू, नेता प्रतिपक्ष अविनाश गौर, प्रधानपाठिका उषा साहू, शिक्षकगण मोहित कुमार साहू, रूद्रप्रकाश पुरी गोस्वामी, मिकेश साहू, अमजद खान, मोहित साहू, बीरेन्द्र कोसरे, भगवती साई, सुरेखा कंवर,केंवरा निर्मलकर, दिनेश्वरी निर्मलकर शकुन कंवर उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### योग स्वस्थ जीवन का आधार



**भखारा।** योग दिवस के अवसर पर नगर पंचायत भखारा स्थित शासकीय अस्पताल में योगाभ्यास कर योग संबंधी जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर डॉ गौरव बंगानी ने कहा कि स्वस्थ जीवन का आधार योग है। योग से मनुष्य स्वस्थ रहता है। मौके पर डॉ नीतू, डॉ साहू समेत स्टाफ के कर्मचारी उपस्थित थे।

### भखारा में भाजपाइयों ने किया योग



**अंवरी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यालय भखारा में 6:30 बजे सुबह योग किया गया। इस अवसर पर रवि सिन्हा मंडल अध्यक्ष, आनंद यदु मंडल प्रभारी, छत्रपाल बैस मंडल सह प्रभारी, रामस्वरूप साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, विष्णु साहू नगर पंचायत उपाध्यक्ष, खेमलता साहू पार्षद, जितेंद्र साहू, परदेसी राम कंवर पार्षद, दीनानाथ साहू, चंद्रहास साहू, कुमेश साहू, मेघसिंह साहू, मनहरण धीवर उपस्थित थे।

### तहसील साहू समाज ने किया पौधारोपण



**अंवरी।** तहसील साहू समाज कुरूद के तत्वावधान में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया साथ ही उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया गया। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष चितरंजन साहू, सभापति निरंजन साहू, अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, उपाध्यक्ष लेखराम साहू, सचिव मन्नूलाल साहू, सहसचिव लोमस कुमार साहू, संरक्षक पुरानिकराम साहू, ताराचंद साहू, रिखीराम साहू, विश्वनाथ साहू, भुनेश्वर साहू, नंदनी साहू, सुमन साहू, पूनम साहू, दूजबाई साहू, सरस्वती साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग उपस्थित थे।

### योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर



**कोर्रा(भखारा)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शाउमावि भेंडरा में योग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम प्राचार्य संतोष महिलांगे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक योगाभ्यास से किया गया।

- शाउमावि भेण्डरा में विद्यार्थियों, शिक्षकों ने किया योगाभ्यास

विद्यालय के खेल शिक्षक हेमेंद्र साहू ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं नागरिकों को योग एवं प्राणायाम के महत्व से अवगत कराया तथा विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। इस दौरान ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन, भुजंगासन, त्रिकोणासन, तथा अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं गणमान्य नागरिकों ने अपनी सहभागिता दी। प्राचार्य संतोष कुमार महिलांगे ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो हमें शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा देती है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित योगाभ्यास करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। प्राचार्य ने योग शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

### सद्भावना भवन में सामूहिक योगाभ्यास का हुआ आयोजन

# योग स्वस्थ शरीर, शांत मन और सशक्त समाज की आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर पंचायत नगरी स्थित सद्भावना भवन में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रशिक्षार्थियों एवं नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया तथा स्वस्थ एवं निरोग जीवन का संदेश दिया।

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, पूर्व नगर अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, मोहन नाहटा, जनपद सभापति प्रेमलता नागवंशी, पूर्व सरपंच महेंद्र नेताम, कमल डागा, पूर्व जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, महामंत्री रूपेन्द्र साहू, पूर्व उपाध्यक्ष अजय नहाटा, अश्वनी निषाद, प्रतिमा देवांगन, शंकर देव, चित्रांश नागवंशी, विकास जैन, खेमेन्द्र साहू, एसडीएम प्रीति दुर्गम, बीएमओ सहित अनेक गणमान्य नागरिक, प्रशिक्षार्थी, अधिकारी-कर्मचारी एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि योग स्वस्थ शरीर, शांत मन और सशक्त समाज की आधारशिला है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उपस्थितजनों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने और स्वस्थ भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया गया।

Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528



विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

# आवक कम होने से हरी सब्जियों के दाम बढ़े, उपभोक्ता परेशान

■ फूलगोभी 70, टमाटर 50, बरबट्टी 60, लालभाजी 30 रूपए किलो

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

करीब दो सप्ताह तक सब्जियों की कीमत में राहत मिलने के बाद अब बाजार में फिर महंगाई लौट आई है। खुदरा बाजार में अधिकांश हरी सब्जियों के दाम बढ़ गए हैं। सबसे अधिक असर टमाटर और धनिया की कीमत में देखा जा रहा है, जिससे गृहिणियों और आम उपभोक्ताओं का मासिक रसोई बजट प्रभावित होने लगा है। व्यापारियों का कहना है कि मौसम में बदलाव, स्थानीय स्तर पर सब्जियों की कम आवक और परिवहन लागत बढ़ने से कीमतों में तेजी आई है।

स्थानीय थोक मंडी के अनुसार टमाटर का भाव बढ़कर 650 रुपये प्रति कैरेट तक पहुंच घट बढ़ी है। थोक में इसका भाव 30 रुपये प्रति किलो है, जबकि खुदरा बाजार में उपभोक्ताओं को 50 रुपये प्रति किलो चुकाने पड़ रहे हैं। फूलगोभी 60 से 70 रुपये प्रति किलो के भाव पर बिक रही है, जबकि पत्तागोभी का थोक भाव 20 रुपये और खुदरा मूल्य 30 रुपये प्रति किलो दर्ज किया गया है।

## परिवहन लागत भी नहीं निकल रही



बरबट्टी की कीमत में भी उछाल आया है। मंडी में इसका थोक भाव 50 रुपये प्रति किलो है, जबकि खुदरा बाजार में यह 60 से 70 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। हरी पत्तेदार सब्जियों में पालक 50 रुपये, लालभाजी और चौलाई लगभग 30-30 रुपये प्रति किलो बिक रही हैं। धनिया सबसे महंगी सब्जियों में शामिल हो गया है और इसका खुदरा मूल्य 100 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है। इसके अलावा प्याजभाजी 80 रुपये, हरी मिर्च 30 रुपये तथा ढेंस 50 रुपये प्रति किलो के भाव पर उपलब्ध है। वहीं कटहल अपेक्षाकृत सस्ता है और 15 रुपये प्रति किलो में बिक रहा है।

सब्जी कारोबारियों का कहना है कि लगातार बदलते मौसम के कारण उत्पादन प्रभावित हुआ है। साथ ही बाहर से आने वाली सब्जियों की आवक कम होने और परिवहन खर्च बढ़ने का असर सीधे बाजार भाव पर पड़ा है। दूसरी ओर उपभोक्ताओं का कहना है कि रोजमर्रा में उपयोग होने वाली सब्जियों के दाम बढ़ने से घरेलू खर्च बढ़ गया है। व्यापारियों के अनुसार मानसून के दौरान यदि सब्जियों की आवक बढ़ती है तो आने वाले दिनों में कीमत में कुछ राहत मिलने की संभावना है।

## खबर संक्षेप



### भौतिक और ऑनलाइन राशि में अंतर से उपभोक्ता परेशान कलेक्टर से शिकायत

■ 200-400 से 2000 तक पहुंचा बिजली बिल, जांच और समाधान की मांग

**धमतरी।** विद्युत विाग द्वारा दिए गए बिजली बिल एवं आनलाइन बिल की राशि में अंतर की शिकायत कलेक्टर जनदर्शन में कर समस्या के निराकरण की मांग की गई है। स्थानीय गोकुलपुर वार्ड निवासी मोहनी साहू ने कलेक्टर के नाम लिए शिकायत आवेदन में कहा है कि लक्ष्मीनारायण साहू गोकुलपुर वार्ड निवासी को छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा माह मई 2026 का बिजली बिल 2120 रुपए प्राप्त हुआ है। उक्त बिल को आनलाइन जमा करने च्वाइस सेंटर जाने पर पता चला कि मई माह के बिल में 1320 रुपए दिखा रहा है। विद्युत विभाग द्वारा भौतिक रूप से 2120 रुपए का बिजली बिल दिया गया है। जबकि आनलाइन में उक्त बिल की राशि 1320 रुपए है। वहीं मीटर का प्रतिमाह रीडिंग होते आ रहा है। आवेदिका ने कहा कि पूर्व में मेरा बिजली बिल 200 से 400 रुपए तक ही आता था। पिछले माह 1550 रुपए का बिल प्राप्त हुआ था जिसका भुगतान कर दिया गया था। इस प्रकार पिछले कई माह से बेतहाशा बिजली बिल दिया जा रहा है जिससे मुझे आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आवेदिका ने विद्युत विभाग से समस्या का निराकरण करने की मांग की है।

### सार्वजनिक स्थल पर पिलाई शराब, एक पर की कार्रवाई

**कांकेर।** कांकेर जिले में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस कार्रवाई जारी है। चारामा थाना क्षेत्र के आंवरी चौक में सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करते पाए जाने पर तेलगुड़ा निवासी अजय नारायण को 20 जून को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया, वहीं नरहरपुर पुलिस ने गितपहर निवासी 32 वर्षीय अजय कुमार उसेंडी के कब्जे से 4.260 लीटर अवैध शराब जब्त की।

## 10 जुलाई को रायपुर में निकलेगी आक्रोश रैली

# बिजली कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर आंदोलन का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ ने कर्मचारियों की लंबित मांगों और पॉवर कंपनी की कथित वादाखिलाफी के विरोध में आंदोलन का शंखनाद कर दिया है। महासंघ का आरोप है कि राज्य शासन से सैद्धांतिक सहमति मिलने के बावजूद विद्युत कंपनी के कर्मचारियों को अब तक पुरानी पेंशन योजना का लाभ नहीं दिया गया है।



महासंघ की प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन बहाली, संविदा कर्मियों का नियमितीकरण, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का रिस्ट्रक्चरिंग व नई भर्ती, लंबित पदोन्नति आदेश जारी करना, तकनीकी एवं कम्प्यूटर भत्ता, वेज रिवीजन कमेटी का गठन, ठेका श्रमिकों को सीधे पॉवर कंपनी से भुगतान तथा नई भर्ती में प्राथमिकता देना शामिल है।

आंदोलन के पहले चरण में 1 जून से 30 जून तक प्रदेशभर में हस्ताक्षर अभियान और जनसंपर्क चलाया जा रहा है। दूसरे चरण में 1 जुलाई से 9 जुलाई तक सभी क्षेत्रीय मुख्यालयों में मुख्य अभियंता व कार्यपालक निदेशक को ज्ञापन सौंपा जाएगा। रायपुर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के कर्मचारी 1 जुलाई को गुढ़ियारी में मुख्य अभियंताओं को ज्ञापन देंगे। तीसरे चरण में 10 जुलाई को डंगनिया स्थित पॉवर कंपनी मुख्यालय में विशाल आक्रोश रैली और धरना प्रदर्शन किया जाएगा। महासंघ ने 17 अगस्त से अनिश्चितकालीन कामबंद हड़ताल की चेतावनी दी है।

धमतरी जिले में कुरूद और धमतरी संभाग के कर्मचारी अध्यक्ष लालजी साहू व सचिव रमाकांत साहू के नेतृत्व में आंदोलन को लेकर जनजागरण अभियान चला रहे हैं। कर्मचारियों से समर्थन पत्र पर हस्ताक्षर कराए जा रहे हैं और कार्यालयों में संपर्क किया जा रहा है। इस दौरान टीकाराम, लालाराम, रामधर, पुनेश्वर, सुरेन्द्र, नम्रता जाचक, नंदकुमार डहरिया, पीयूष सिन्हा, तेजेन्द्र, एकता गायकवाड़ सहित अनेक पदाधिकारी कर्मचारियों के बीच पहुंचकर आंदोलन को सफल बनाने की अपील कर रहे हैं।

नगर पंचायत भखारा-भठेली में भाजपाइयों ने आयोजित किया जनसंपर्क कार्यक्रम

## सांसद रूपकुमारी ने किया नागरिकों से संवाद

**अंवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में महासमुंद सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी द्वारा आयोजित जनसंपर्क कार्यक्रम में नगर पंचायत भखारा-भठेली की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन सहभागी बनीं।

इस अवसर पर सांसद चौधरी ने कुरुद क्षेत्र में विभिन्न वर्गों के नागरिकों, सामाजिक संगठनों, महिला समूहों एवं वरिष्ठजनों से भेंट कर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं को भी सुना।



कार्यक्रम में ज्योति जैन ने नागरिकों से मुलाकात कर शासन की योजनाओं की जानकारी साझा की तथा क्षेत्र के विकास एवं जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता है। जनसंपर्क कार्यक्रम में गीतेश्वरी साहू जनपद अध्यक्ष कुरूद, पार्षद श्रीमती खेमलता साहू, श्रीमती गौतमी पटेल एवं श्रीमती चांदनी साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एमएएस संकुल मीटिंग में एचपीवी वैक्सीन की दी जानकारी

**धमतरी।** मकेश्वर वार्ड में एमएएस संकुल स्तरीय बैठक हुई। बैठक में किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण पर चर्चा की गई। स्वास्थ्य विभाग की मितानिनों द्वारा नियमित टीकाकरण के महत्व के साथ-साथ 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए एचपीवी वैक्सीन की जानकारी दी गई। बताया गया कि यह वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव का सबसे कारगर उपाय है और पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध है। बैठक में गर्मी के मौसम में फैलने वाली उल्टी-दस्त की समस्या से बचाव के उपायों पर भी चर्चा हुई।

# पिता की पुण्यतिथि पर नगरी नपं को दिया काउ कैचर वाहन

■ लावारिस गौवंश को गौशाला व कांजी हाउस पहुंचाने में मिलेगी बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

सेवा, संवेदना और संस्कार जब एक साथ मिलते हैं, तब समाज के सामने ऐसी प्रेरणादायी मिसाल स्थापित होती है, जो लंबे समय तक याद रखी जाती है। नगर के प्रतिष्ठित सोना-चांदी व्यवसायी, गौसेवक एवं समाजसेवी प्रिंस गोलछा ने अपने स्व .पिता स्व. रिखाबचंद गोलछा की पुण्यतिथि पर जनसेवा और गौसेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नगरी नगर पंचायत को काउ कैचर वाहन भेंट किया है। यह वाहन नगर में लावारिस, बीमार एवं असहाय गौवंश को सुरक्षित रूप से गौशाला और कांजी हाउस तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने बताया कि लंबे समय से नगर में ऐसा समर्पित वाहन उपलब्ध नहीं था, जिसके माध्यम से सड़कों पर घूम रहे अथवा घायल गौवंश को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया जा सके। इस आवश्यकता को देखते हुए उन्होंने समाजसेवी प्रिंस गोलछा से सहयोग का आग्रह किया। जनहित के इस विषय को गंभीरता से लेते हुए प्रिंस गोलछा ने अपने स्वर्गीय पिता स्व. रिखाबचंद गोलछा की पुण्यतिथि पर काउ कैचर वाहन नगर पंचायत को समर्पित करने का निर्णय लिया।

ज्ञात हो कि प्रिंस गोलछा नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी होने के साथ-साथ पंडरीपानी गौशाला के अध्यक्ष भी हैं। गौमाता, बेसहारा पशुओं और जीव-जंतुओं के प्रति उनकी सेवा भावना सर्वविदित है। उन्होंने अपने पिता की स्मृति को केवल पारिवारिक आयोजन तक सीमित न रखते हुए उसे समाजहित और गौसेवा से जोड़कर नई प्रेरणा प्रस्तुत की है। उनकी माता कंचन देवी गोलछा भी इस पुनीत कार्य में सहभागी बनीं।



### जनसहयोग से बदल रही नगरी की तस्वीर

उल्लेखनीय है कि नगरी नगर पंचायत की वर्तमान टीम को लगभग 14 माह ही हुए हैं, लेकिन इस अवधि में जनसहयोग के माध्यम से कई महत्वपूर्ण कार्य संपन्न हुए हैं। अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा के नेतृत्व में नगर पंचायत समाजसेवियों, व्यापारियों और जागरूक नागरिकों को नगरहित के कार्यों में सहभागी बनाकर विकास का नया मॉडल प्रस्तुत कर रही है।

### सेवा, संस्कार और समर्पण की प्रेरक मिसाल

नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने कहा कि श्री गोलछा द्वारा किया गया यह कार्य आज चर्चा का विषय इसलिए बना हुआ है, क्योंकि इसमें श्रद्धा भी है, संवेदना भी है और समाज के प्रति कर्तव्यबोध भी। एक ओर यह अपने पिता के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है, तो दूसरी ओर नगर और गौवंश के प्रति जिम्मेदारी निभाने का अनुकरणीय उदाहरण भी है।

### गौसेवा के साथ जनसेवा भी

नगर पंचायत उपाध्यक्ष विकास बोहरा ने कहा कि यह पहल केवल एक सुविधा उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह गौसेवा के साथ जनसेवा, संवेदनशीलता के साथ सामाजिक जिम्मेदारी और संस्कारों के साथ समाजहित का सशक्त संदेश भी देती है।

### पहले भी समाजसेवियों ने बढ़ाया सहयोग का हाथ

नगरी में समाजसेवा की यह परंपरा लगातार मजबूत हो रही है। इससे पूर्व एमआईके ग्रुप के इमरान खान और इरशाद खान ने अपने स्वर्गीय पिता अब्दुल जब्बार खान की स्मृति में नगर पंचायत को पानी का टैंकर भेंट किया था तथा युवाओं और विद्यार्थियों के लिए लाइब्रेरी में उपयोगी पुस्तकों का सहयोग प्रदान किया था। वहीं प्रतिष्ठित व्यवसायी मोहन सोनी ने अपने पिता की स्मृति में दो स्थानों पर वाटर कूलर उपलब्ध कराए, जबकि समाजसेवी अनिल वाधवानी ने मुक्तिधाम में सीसीटीवी कैमरे लगवाकर व्यवस्था सुदृढ़ करने में योगदान दिया।

### यह दान नहीं, समाज के प्रति जिम्मेदारी का संदेश

नगरवासियों का कहना है कि यह केवल एक वाहन का दान नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी, सेवा और संस्कारों का संदेश है। काउ कैचर वाहन के माध्यम से अब लावारिस गौवंश को सुरक्षित रूप से गौशाला और कांजी हाउस तक पहुंचाना आसान होगा। इससे पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित होने के साथ-साथ सड़क दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी और नगर की यातायात व्यवस्था में सुधार आएगा।

## बारना में शेड एवं सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**धमतरी।** विधायक ओंकार साहू ग्राम बारना स्थित शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बारना में आयोजित शेड निर्माण एवं सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। विधायक श्री साहू ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। विद्यालय में शेड एवं सांस्कृतिक मंच का निर्माण होने से विद्यार्थियों को शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के संचालन में बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। विधायक श्री साहू ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## समरसता भवन में मनाया गया योग दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

ग्राम जीजामगांव के पंचायत भवन के समीप स्थित समरसता भवन में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार के छात्र वेदप्रकाश साहू ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके बाद विभिन्न योगासन जैसे ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, कटिचक्रासन, सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम प्राणायाम, कपालभाति प्राणायाम, भस्त्रिका प्राणायाम एवं भ्रामरी प्राणायाम जैसे अनेक महत्वपूर्ण योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया गया। बीके ईश्वरीय विश्वविद्यालय जीजामागांव की प्रमुख संचालिका ने सभी को नियमित रूप से योग करने एवं इसके महत्व पर प्रकाश साझा किया। ओमप्रकाश साहू ने गीता के श्लोक के माध्यम से अपना व्यक्तव्य साझा किया। मौके पर सरपंच देवचरण चंद्राकर, उपसरपंच कृपाराम महिलांगे, रोजगार सहायक जागेश्वर साहू, रूपराम साहू, तुलाराम पटेल, श्रीनारायण साहू, किशोर साहू, इंदिरा साहू, हेमा साहू, बिंदु साहू समेत अन्य मौजूद थे।

## अंचल की खबरें

### आईटीआई मेघा में हुआ पूर्व छात्र मिलन समारोह



**मगरलोड।** गवर्नमेंट आईटीआई मेघा में पूर्व छात्र मिलन एवं एसटीसी वितरण सम्मान समारोह और फेयरवेल एल्युमिनी का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम में सभी पुराने छात्र-छात्राएं शामिल हुए। छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने कार्य क्षेत्र से बच्चों को अवगत कराया। मौके पर संस्था प्रमुख श्रीमती भूमिका साहू, श्रीमती शिल्पा गुप्ता, शेषनारायण ध्रुव, तोमर लाल साहू, पवन नेताम, हितेश साहू, दुर्गेश कुमार साहू, प्रियंका एवं युगल सहित आईटीआई के समस्त ट्रेड के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### सशिमं उमावि में योग दिवस मनाया गया



**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। अतिथि विन्ध्यवासिनी शिक्षा समिति के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, पार्षद कुलेश सोनी, अनामिका शर्मा महिला संरक्षण अधिकारी, उषा ठाकुर केन्द्र प्रशासक सखी वन स्टॉप सेंटर, प्रियंका गंजीर जिला मिशन समन्वयक, अंजलि साहू मल्टी टास्क थे। उन्होंने किशोरी बालिकाओं एवं छात्राओं को योग का महत्व बताया। कार्यक्रम का संचालन प्रभा चौबे ने किया। प्राचार्या खेमिन साहू ने भी योग पर अपने विचार रखे। वरिष्ठ आचार्य गोपाल साहू व लिलेश यादव द्वारा योगाभ्यास कराया गया।

### लिमतरा स्कूल में हुआ प्रवेश उत्सव



**धमतरी।** शाप्रा एवं माध्यमिक विद्यालय लिमतरा में नवप्रवेशित बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संरपच भुनेश्वरी साहू थीं। अध्यक्षता रामलखन साहू ने की। विशिष्ट अतिथि दवारिका साहू एवं घनश्याम सिंह साहू थे। घनश्याम सिंह साहू ने पालकों को खाली जगह को किंचन गार्डन के रुप में विकसित करने के लिए प्रेरित किया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने शाला विकास के संबंध में योजनाओं को मूर्त रुप देने के लिए पालकों से सहयोग की अपील की। नवप्रवेशित बच्चों को गणवेश ,पुस्तक वितरित कर सम्मानित किया गया। पूर्व जनपद सदस्य रोहिणी अग्रवाल ने कापी का वितरण किया।

### कार्यपालन अभियंता ने स्कूल को कंप्यूटर सिस्टम भेंट किया



**मगरलोड।** शासकीय प्राथमिक शाला नारधा में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के अतिथि बी. दीवान कार्यपालन अभियंता द्वारा स्कूली बच्चों की तकनीकी शिक्षा केलिए कंप्यूटर सिस्टम एवं कम्प्यूटर टेबल व कुर्सी भेंट की गई। श्री दीवान ने अपने उदबोधन में कहा कि ग्राम नारधा में मैंने जन्म लिया और इसी विद्यालय में प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की है। बच्चों में डिजिटल युग और एआई तकनीक की समझ हो इसलिए कंप्यूटर सिस्टम भेंट किया गया। मौके पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष इन्द्र कुमार पटेल, ग्रामीण अध्यक याज्ञवल्क निषाद, पंचायत प्रतिनिधि रोहित साहू, ईश्वर साहू, केंवरा साहू, द्रोणाचार्य निषाद, पुष्पा निषाद, हीरा निषाद, सविता साहू, प्रधानपाठक छगन लाल साहू, रवि कुमार सिन्हा, किरण निषाद, अमरीश कुमार साहू, दुर्गा निषाद, सिलोचना निषाद उपस्थित थे।

### शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव



**धमतरी।** जालमपुर स्थित शासकीय विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पारंपरिक रूप से स्वागत कर उन्हें शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया। बच्चों को तिलक लगाकर उनका मुंह मीठा कराया गया तथा पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अतिथि पार्षद संजय देवांगन एवं पूर्व पार्षद संजय डागौर थे। उन्होंने विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं देते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए मेहनत एवं अनुशासन को अपनाने की प्रेरणा दी। अतिथियों ने कहा कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। विद्यार्थियों को विद्यालय में नियमित रूप से उपस्थित रहकर ज्ञान अर्जित करना चाहिए और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### भारतीय पिट्टा का आश्रय स्थल बना रिजर्व फारेस्ट

प्रभावित वन क्षेत्र रिकवर हुए हैं। इस पहल से अनेक संवेदनशील वन्यजीव प्रजातियों को इस वन में लौटने का अवसर मिला है। उल्लेखनीय है कि यूएसटीआर रायपुर से मात्र 130 किलोमीटर दूरी पर है। यहां आने का सफर करीब ढाई घंटे का है। यह वन लगातार समृद्ध पक्षी विविधता के साथ भारतीय विशाल गिलहरी तथा दुर्लभ भारतीय विशाल उड़न गिलहरी, मालाबार पाइड हॉर्नबिल, भारतीय पिट्टा सहित कई वन्यजीवों का आश्रय स्थल है। इन पक्षियों को देखने के लिए ही कई पर्यटक यहां आते हैं।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### ध्रुव कुमार, चंद्रभान और राजेश जिला सहसंयोजक बने

■ भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी घोषित

धमतरी। भारतीय जनता पार्टी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ धमतरी की जिला कार्यकारिणी एवं जिला कार्यसमिति सदस्यों की घोषणा कर दी गई है। यह घोषणा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश संयोजक अनुपम पॉल के मार्गदर्शन, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस की सहमति तथा जिला संयोजक अतुल साहू के नेतृत्व में की गई। ध्रुव कुमार साहू, चंद्रभान यादव और राजेश त्रिपाठी को जिला सहसंयोजक बनाया गया है। मुकेश साहू को जिला मीडिया प्रभारी तथा तेजस्वी सोनकर को जिला मीडिया सह प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अभिषेक सोनी को जिला कोषाध्यक्ष, लक्ष्मीकांत गजेंद्र को जिला कार्यक्रम प्रभारी, वीरेंद्र साहू को जिला कार्यक्रम सह प्रभारी, विकास राठी को जिला सोशल मीडिया प्रभारी, विवेक चौधरी को जिला सोशल मीडिया सह प्रभारी, देवेंद्र साहू को जिला कार्यालय प्रभारी तथा लोकेश ठाकुर को जिला कार्यालय सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। जिला कार्यसमिति सदस्य के रूप में प्रदीप छाजेड़, चेतन देवांगन, चिरंजीवी हिरवानी, कमलेश यादव, राहुल मानिकपुरी, मनोज साहू, लोमस साहू, खिलेंद्र देवांगन, अभिषेक राव शिंदे, संतोष कुमार साहू, रोहित साहू, अनीता देशमुख, निलेन नेताम, नारायण साहू, उमेश दीवान, मनोहर नेताम तथा मनीषा मंडावी को मनोनीत किया गया है।

### मोतियाबिंद शिविर में 12 मरीजों का हुआ ऑपरेशन

बस्तर। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित मोतियाबिंद जांच एवं उपचार शिविर के तहत चिन्हित 12 मरीजों का सफल ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन महारानी अस्पताल जगदलपुर और शहीद महेंद्र कर्मा मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में कराए गए। शिविर के दौरान जांच में मोतियाबिंद से ग्रस्त पाए गए मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया था। इसके तहत महारानी अस्पताल जगदलपुर में 8 मरीजों की सर्जरी डॉ. सरिता थॉमस के नेतृत्व में की गई। जबकि मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में 4 मरीजों का ऑपरेशन डॉ. छाया सोरी की देखरेख में संपन्न हुआ। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सभी मरीजों की सर्जरी सफल रही और ऑपरेशन के बाद उन्हें आवश्यक दवाइयां व परामर्श देकर एम्बुलेंश से उन्हें घर घर छोड़ा गया।

## खाद के पारदर्शी वितरण से किसानों को मिल रही राहत

# 14,860 मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण सहकारी समितियों में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

खरीफ सीजन-2026 की तैयारियों को लेकर जिले में खाद एवं उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन और कृषि विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले की सहकारी समितियों में अग्रिम भंडारण किया गया है तथा पॉस मशीन के माध्यम से पारदर्शी वितरण व्यवस्था लागू की गई है।

जिले की सभी सहकारी समितियों और उर्वरक विक्रय केंद्रों की सतत निगरानी की जा रही है, ताकि किसानों को निर्धारित दर पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध हो सके। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार खरीफ सीजन के लिए जिले में अब तक 24 हजार 658 मीट्रिक टन उर्वरकों का भंडारण किया जा चुका है, जबकि 14 हजार 860 मीट्रिक टन उर्वरकों का वितरण किसानों को किया जा चुका है। जिले की 96 सहकारी समितियों में यूरिया, डीएपी, एनपीके, एसएसपी तथा नैनो उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण किया गया है। किसानों की मांग के अनुरूप समितियों को लगातार उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। शंकरदाह (अर्जुनी) समिति द्वारा भेजी गई मांग पर सहकारी विपणन संघ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अतिरिक्त उर्वरक उपलब्ध कराया है, जिससे वहां यूरिया का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध हो गया है।



### कालाबाजारी पर सख्ती, अनियमितताओं पर त्वरित कार्रवाई

उर्वरकों की कालाबाजारी एवं कृत्रिम अभाव की स्थिति रोकने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार निरीक्षण और छापामार कार्रवाई की जा रही है। अनियमितता पाए जाने पर अब तक तीन उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं तथा 24 से अधिक विक्रय केंद्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। प्रशासन की इस सख्ती से किसानों को निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध हो रहा है।

### अधिकृत केंद्रों से ही करें खाद की खरीदी

कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत सहकारी समितियों एवं लाइसेंसी विक्रेताओं से ही उर्वरक खरीदें। यदि कहीं अधिक मूल्य वसूली, जमाखोरी अथवा किसी प्रकार की अनियमितता की जानकारी मिले तो इसकी शिकायत जिला नियंत्रण कक्ष में तत्काल दर्ज कराएं।

# चारधाम तीर्थयात्रियों का मठ मंदिर चौक पर हुआ स्वागत



### बद्री-केदार यात्रा सनातन आस्था का प्रतीक, समाज के लिए प्रेरणास्रोत : पं. शर्मा

तीर्थयात्रियों के स्वागत अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पं. राजेश शर्मा ने कहा कि चारधाम यात्रा सनातन धर्म की सबसे पवित्र यात्राओं में से एक है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार बद्री-केदार के दर्शन मात्र से मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि श्रीमती पदमा देवी शर्मा एवं श्री जगदीश प्रसाद शर्मा ने जीवन के इस पड़ाव में भी अपनी आस्था और श्रद्धा को सर्वोच्च स्थान देकर समाज के समक्ष एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने महेंद्र पंडित की भी सराहना करते हुए कहा कि माता-पिता की सेवा एवं उनके धार्मिक संकल्पों को पूर्ण कराने का कार्य भारतीय संस्कृति के आदर्शों का परिचायक है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ एवं बद्रीनाथ की कठिन तपो यात्रा कर लौटे शर्मा दंपति

सनातन धर्म में तीर्थयात्रा को मानव जीवन के सबसे पुण्यदायी एवं आध्यात्मिक कार्यों में माना गया है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता महेंद्र पंडित के माता-पिता श्रीमती पदमा देवी शर्मा (80 वर्ष) एवं जगदीश प्रसाद शर्मा (87 वर्ष) ने अपने भांजे तनिष्क शर्मा के साथ पवित्र चारधाम यात्रा यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ एवं बद्रीनाथ सफलतापूर्वक पूर्ण कर धमतरी वापसी की। उनके नगर आगमन पर मठ मंदिर चौक में श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमियों द्वारा आस्था, श्रद्धा और सम्मान के साथ स्वागत किया गया।

मठ मंदिर चौक जो शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों में अपनी विशेष पहचान रखता है, वहां तीर्थयात्रियों के स्वागत का भावनात्मक एवं धार्मिक माहौल देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने पुष्पमालाओं एवं अभिनंदन के माध्यम से यात्रियों का सम्मान किया। इस अवसर पर अनेक लोगों की आंखें भावुक हो उठीं।

इस अवसर पर महेंद्र पंडित ने कहा कि उनके माता-पिता की चारधाम यात्रा उनके जीवन का धार्मिक, आध्यात्मिक एवं गौरवशाली क्षण है। उन्होंने यात्रा की सफलता के लिए भगवान का आभार व्यक्त करते हुए स्वागत समारोह में उपस्थित सभी जनों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में राजेंद्र शर्मा, दिलीप राज सोनी, योगेश गांधी गुप्ता, राधेश्याम अग्रवाल, अनिल खंडेलवाल, सुबोध राठी, आनंद पवार, दीप शर्मा, विकास शर्मा, लोकेश जग, योगेश राय चूड़ा, पिंटू यादव, अखिलेश सोनी, नील पटेल, राकेश सोनवानी, भागवत यादव, निलेश लूनिया, नंदू लोधी, रानू डागा, विजय मोटवानी, राजीव सिंह, आनंद पिंजनी, राजीव चंद्राकर, दिगेश शर्मा, संतोष सोनकर, चंद्रकला पटेल, बरखा शर्मा, विशाल त्रिवेदी, सीमा चौबे, रुक्मणह सोनकर, सरोज देवांगन, ईश्वरी पटवा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं धर्मप्रेमी उपस्थित थे।

# डीपीएस में हुई अंतर-सदनीय योग प्रतियोगिता









■ नियमित योगाभ्यास से एकाग्रता तथा शारीरिक सुदृढ़ता का विकास : नितिन कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

दिल्ली पब्लिक स्कूल ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित किया। यह कार्यक्रम निदेशक धीरज अग्रवाल एवं श्रीमती निधि धीरज अग्रवाल के मार्गदर्शन में हुआ।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. नितिन कुमार शर्मा ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए विद्यार्थियों को इसे अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से अनुशासन, एकाग्रता तथा शारीरिक सुदृढ़ता का विकास होता है। कार्यक्रम के संचालन में मुकेश कुमार, जानकी, मोनिका, गीतांजलि तथा नीलम का विशेष योगदान रहा। उपप्राचार्या श्रीमती देब्रचना रॉय ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

### प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अंतर-सदनीय योग प्रतियोगिता रही, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न योगासनों का प्रदर्शन करते हुए अपनी लचीलापन, संतुलन एवं दक्षता का परिचय दिया। कक्षा **I** से **V** बालक वर्ग में प्रथम दर्श अग्रवाल (कक्षा 4 बी), द्वितीय रियांश सुनहरानी (कक्षा 5बी), तृतीय ओमेश साहू (कक्षा 2 बी), बालिका वर्ग में प्रथम सौम्या सिन्हा (कक्षा 5सी), द्वितीय मोनिका सोनबर (कक्षा 5बी), तृतीय ताशी गौरी (कक्षा 3बी), कक्षा **VI** से **VIII** बालक वर्ग में प्रथम आयांश गोयल (कक्षा 7बी), द्वितीय ओम अग्रवाल (कक्षा 7 बी), तृतीय दर्शन अग्रवाल (कक्षा 7बी), बालिका वर्ग में प्रथम निश्का चंद्राकर (कक्षा 7ए) द्वितीय अनन्या महावर (कक्षा 7सी), तृतीय मुस्कान हसानी (कक्षा 8सी), वरिष्ठ वर्ग (कक्षा **IX** से **XII**) में प्रथम लिशिका कोसमा (कक्षा **XI**), द्वितीय भारती दहरिया (कक्षा **IX**), तृतीय मोक्षा मोनाल (कक्षा **IX**) रहे।

# वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर वनमंडल धमतरी के नवीन प्रशिक्षण हॉल, डिपो कैम्पस में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वनमंडलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिजनों ने भाग लिया। योग प्रशिक्षण का संचालन योग विशेषज्ञ एवं आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. दिनेश कुमार नाग, छत्तीसगढ़ योग आयोग की योग प्रशिक्षक श्रीमती पूजा नाग तथा चित्रा अष्टांग योग केंद्र की योग प्रशिक्षक सुश्री रीता बघेल ने किया।

प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन, शवासन तथा अनुलोम-विलोम प्राणायाम का अभ्यास कराया। साथ ही इन योगासनों एवं प्राणायाम से होने वाले शारीरिक और मानसिक लाभों की जानकारी देते हुए नियमित योग को स्वस्थ जीवन की कुंजी बताया। संलग्न अधिकारी बीके लकड़ा ने योग प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी सत्यनारायण प्रधान, डिप्टी रेंजर राकेश तिवारी, अर्जुन निर्मलकर सहित वन विभाग के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# सैकड़ों लोगों ने राजयोग मेडिटेशन के साथ किया शारीरिक योगाभ्यास





■ आत्म अनुभूति तपोवन सांकरा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आत्म अनुभूति तपोवन सांकरा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि अरुण सार्वा अध्यक्ष जिला पंचायत थे। अध्यक्षता बीके सरिता बहन संचालिका ब्रह्माकुमारी जिला धमतरी तथा विशिष्ट अतिथि योग प्रशिक्षक श्रीमती गायत्री साहू व रूपल भानुशाली थे।

इस अवसर पर बीके सरिता बहन ने कहा कि आज शारीरिक और मानसिक बीमारियां बढ़ रही हैं। योग केवल प्राणायाम या शारीरिक आसन नहीं है। योग मन, बुद्धि और शरीर का संतुलन बनाता है इसलिए नियमित रूप से इसे करना चाहिए।

मुख्य अतिथि अरुण सार्वा ने शारीरिक योगाभ्यास के साथ-साथ मानसिक व्यायाम के लिए राजयोग मेडिटेशन को उपयोगी बताया। उन्होंने स्वच्छता और पर्यावरण को भी स्वस्थ तन और मन के लिए उपयोगी बताते हुए पर्यावरण सुरक्षा हेतु सभी को बढ़-चढ़कर आगे आने आव्हान किया।

योग प्रशिक्षिका गायत्री साहू और रूपल भानुसाली ने विभिन्न प्रकार के आसनों का अभ्यास कराया। बीके प्राजक्ता ने राजयोग मेडिटेशन की बेहद सुखमय अनुभूति करवाई। कार्यक्रम का संचालन कामिनी कौशिक ने किया। इस अवसर पर संस्था के सैकड़ों लोगों ने राज योग मेडिटेशन के साथ शारीरिक योगाभ्यास का लाभ लिया।










